This question paper consists of 32 questions [Section–A (22) + Section–B (5+5)] and 20 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 32 प्रश्न [खण्ड–अ (22) + खण्ड–ब (5+5)] तथा 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।

| Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**Code No. कोड नं०** **50/HIS/2**

# ACCOUNTANCY
# लेखांकन

**Set/सेट** **A**

## ( Principles and Practice of Financial Accounting )
## ( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )
## (320)

Day and Date of Examination ..........................................................

(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................................

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the question paper.
2. Please check the question paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 50/HIS/2, Set A on the answer-book.
5. (a) The question paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 50/HIS/2, सेट A लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# ACCOUNTANCY

# लेखांकन

## ( Principles and Practice of Financial Accounting )

## ( वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार )

## (320)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** State the meaning of Trial Balance. 1

तलपट का अर्थ बताइए।

**2.** How is Sacrificing Ratio calculated on admission of a partner? 1

साझेदार के प्रवेश पर त्याग अनुपात की गणना किस प्रकार से की जाती है?

**3.** What is meant by Issue of Shares at Premium? 1

अंशों के प्रीमियम पर निर्गमन का क्या अर्थ है?

**4.** What is meant by Cash Basis of Accounting? Give any *two* examples where it may be in use. 2

रोकड़ आधारित लेखांकन का क्या अर्थ है? ऐसे कोई **दो** उदाहरण दीजिए जहाँ इनका उपयोग होता है।

**5.** "Accounting equation remains intact under all circumstances." Justify the statement with the help of an example. 2

''लेखा समीकरण सभी परिस्थितियों में संतुलित रहता है।'' एक उदाहरण देकर कथन को सत्य सिद्ध कीजिए।

**6.** State, in brief, the functions of the following subunits of Central Processing Unit of a computer : 2

*(a)* Control Unit

*(b)* Memory Unit

कम्प्यूटर की केन्द्रीय प्रक्रम इकाई की निम्न उप-इकाइयों के कार्यों को संक्षेप में समझाइए :

(क) नियन्त्रण इकाई

(ख) स्मृति इकाई

**7.** Differentiate between Capital Receipts and Revenue Receipts on the basis of the following : 2

*(a)* Source

*(b)* Nature

पूँजीगत प्राप्ति और आगम प्राप्ति में निम्न के आधार पर अन्तर कीजिए :

(क) स्रोत

(ख) प्रकृति

**8.** Calculate the amount of subscription received to be shown in the Income & Expenditure A/c of a Sports Club for the year ending on 31st December, 2014 on the basis of the following information : 2

| | ₹ |
|---|---|
| Subscription received during 2014 | 18,000 |
| Subscription due but not paid as on 31st December, 2014 | 1,800 |
| Subscription received in advance in 2013 for 2014 | 1,000 |
| Subscription received in 2014 for outstanding amount of the year 2013 | 600 |
| Subscription received in 2014 for the year 2015 | 800 |

निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31 दिसम्बर, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए एक खेल-कूद क्लब के आय-व्यय खाते में दिखाई जाने वाली चन्दे की राशि की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| 2014 वर्ष में प्राप्त चन्दे की राशि | 18,000 |
| 31 दिसम्बर, 2014 को देय चन्दा राशि जिसका अभी भुगतान नहीं हुआ है | 1,800 |
| 2013 में 2014 के लिए प्राप्त अग्रिम चन्दा | 1,000 |
| 2013 का अदत्त चन्दा 2014 में प्राप्त | 600 |
| 2014 में वर्ष 2015 के लिए प्राप्त चन्दा | 800 |

**9.** Pranaya and Gunakshi are partners in a firm without a partnership deed. They have disagreement on the following :

*(a)* Division of Profit

*(b)* Interest on Capital

How will you deal with them? 2

प्रणया और गुणाक्षी एक फर्म में साझेदार हैं जिनका कोई साझेदारी संलेख नहीं है। उनके बीच निम्न के सम्बन्ध में मतभेद है :

(क) लाभ का आबंटन

(ख) पूँजी पर ब्याज

आप उनके बीच इसका निपटारा किस प्रकार करेंगे?

**10.** State the meaning of 'Accounting Cost Concept'. Also state its significance. 4

'लेखांकन लागत अवधारणा' का अर्थ बताइए। इसके महत्त्व को भी समझाइए।

**11.** What is meant by 'Journal Proper'? Name and state the types of entries made in the Journal Proper (any *two*). 4

'मुख्य रोजनामचा' किसे कहते हैं? मुख्य रोजनामचा में कौन-सी प्रविष्टियाँ की जाती हैं? किन्हीं **दो** के नाम दीजिए और उन्हें समझाए।

**12.** Prepare Bank Column Cashbook from the following transactions for the month of March 2015 : 4

| 2015 | | | ₹ |
|---|---|---|---|
| March | 1 | Cash in hand | 6,400 |
| " | | Cash at bank | 14,500 |
| " | 8 | Cash sales | 12,000 |
| " | 10 | Deposited cash into bank | 8,000 |
| " | 16 | Purchased goods for cash | 7,200 |
| " | 20 | Received cheque from Rohit, deposited into bank the same day | 6,000 |
| " | 24 | Cash sales | 8,400 |
| " | 25 | Paid to Mrigaya by cheque | 6,500 |
| " | 27 | Withdrew cash from bank for office use | 4,500 |
| " | 30 | Paid rent by cheque | 3,000 |

मार्च 2015 की नीचे दिए गए लेनदेनों से बैंक स्तम्भीय रोकड़-बही तैयार कीजिए :

| 2015 | | | ₹ |
|---|---|---|---|
| मार्च | 1 | हस्तस्थ रोकड़ | 6,400 |
| „ | | बैंक में रोकड़ | 14,500 |
| „ | 8 | नकद बिक्री | 12,000 |
| „ | 10 | बैंक में नकद जमा कराए | 8,000 |
| „ | 16 | नकद माल खरीदा | 7,200 |
| „ | 20 | रोहित से चैक प्राप्त किया जिसे उसी दिन बैंक में जमा करा दिया | 6,000 |
| „ | 24 | नकद विक्रय | 8,400 |
| „ | 25 | मृगया को चैक से भुगतान किया | 6,500 |
| „ | 27 | कार्यालय प्रयोग के लिए बैंक से रुपये निकाले | 4,500 |
| „ | 30 | चैक से किराए का भुगतान किया | 3,000 |

**13.** Prepare Debit Voucher and Credit Voucher for the following transactions for M/s. Kartik Trading Co. : 4

*(i)* Paid ₹ 15,000 cash and a cheque of ₹ 24,000 to M/s. Vidya Stores. The payment was made on 15th March, 2015

*(ii)* Received a cheque of ₹ 18,500 from debtor M/s. Amir & Co. on 21st March, 2015

मे० कार्तिक ट्रेडिंग कं० के लिए निम्न लेनदेनों के नाम प्रमाणक और जमा प्रमाणक बनाइए :

*(i)* 15 मार्च, 2015 को मे० विद्या स्टोर्स को ₹ 15,000 का नकद और ₹ 24,000 के चैक से भुगतान किया

*(ii)* 21 मार्च, 2015 को देनदार मे० अमीर एण्ड कं० से ₹ 18,500 का चैक प्राप्त हुआ

**14.** Make necessary Journal Entries to rectify the following errors : 4

*(i)* Purchases Book is overcast by ₹ 1,000

*(ii)* Rent of proprietor's residence of ₹ 8,000 was posted to Rent A/c

*(iii)* Furniture purchased from M/s. Chennai Furniture House for ₹ 24,800 was entered in the Purchases Book

निम्नलिखित अशुद्धियों का शोधन आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कर कीजिए :

*(i)* क्रय-बही का जोड़ ₹ 1,000 अधिक लगाया गया

*(ii)* ₹ 8,000 का व्यवसाय स्वामी के आवास का किराया दिया जिसकी खतौनी किराया खाता में कर दी गई

*(iii)* मे० चेन्नई फर्नीचर हाउस से ₹ 24,800 का फर्नीचर खरीदा जिसकी प्रविष्टि क्रय-बही में की गई

**15.** State any *four* objectives of preparing Financial Statements. 4

वित्तीय विवरण बनाने के किन्हीं **चार** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**16.** Krishna Kumar and Balvinder Singh are partners, sharing profit in the ratio of 5 : 3 with capital of ₹ 1,00,000 and ₹ 80,000 respectively. Salman is admitted as a new partner with $\frac{1}{5}$ share in profit. Salman brings in ₹ 60,000 as capital. The profit on revaluation of assets and reassessment of liabilities is ₹ 8,000. It is agreed that capitals of the partners should be in the new profit-sharing ratio.

Calculate the amount to be brought in or paid to in cash as a result of adjustment of capitals. 4

कृष्ण कुमार और बलविन्दर सिंह साझेदार हैं और लाभ का विभाजन 5 : 3 के अनुपात में करते हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000 और ₹ 80,000 है। सलमान को लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नये साझी के रूप में प्रवेश दिया गया। सलमान ₹ 60,000 पूँजी के लाता है। सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन एवं दायित्वों के पुनर्निर्धारण पर लाभ ₹ 8,000 है। यह निश्चित हुआ कि सभी साझेदारों की पूँजी उनके नये लाभ-हानि अनुपात में होगी।

पूँजी के समायोजन के कारण किसको कितनी नकद राशि लानी है और किसको कितनी राशि का भुगतान किया जाना है, इसकी गणना कीजिए।

**17.** What is meant by Oversubscription of Shares? State the treatment that may be given to the amount oversubscribed. 4

अंशों के आधिक्य अभिदान से क्या अभिप्राय है? आधिक्य अभिदान राशि के साथ क्या व्यवहार किया जाता है? समझाइए।

**18.** Accountant of Mrigaya Enterprises found that the bank balance shown by Passbook as on 31st March, 2015 was different from the balance shown by the Cashbook. He compared the related transactions in the two books and found the following items which were in Passbook and not in Cashbook and vice versa :

*(i)* Out of cheques of ₹ 24,600 issued in the last week of March 2015, ₹ 6,400 were presented for payment in the first week of April 2015

*(ii)* Two cheques of ₹ 18,700 and ₹ 21,200 were paid into bank on 27th March, 2015, but the former cheque could not be realized by 31st March, 2015 and the latter was dishonoured

*(iii)* Bank has given credit of ₹ 7,400 for the amount deposited by a customer directly in the account

*(iv)* As per the instructions, bank had made a payment of ₹ 3,200 for insurance premium

*(v)* Bank has credited ₹ 6,200 for dividend received through ECS

*(vi)* Bank charges debited by bank were ₹ 750

Prepare a Bank Reconciliation Statement when the Cashbook shows a balance of ₹ 28,500. 6

मृगया एन्टरप्राइजेस के लेखाकार ने पाया कि 31 मार्च, 2015 को बैंक की पासबुक जो शेष दिखा रही है वह रोकड़-बही द्वारा दिखाए जाने वाले शेष से भिन्न है। उसने दोनों लेखा पुस्तकों में सम्बन्धित लेनदेनों का मिलान किया। उसने पाया कि निम्न लेनदेन पुासबुक में हैं और रोकड़-बही में नहीं हैं अथवा रोकड़-बही में हैं और पासबुक में नहीं :

*(i)* मार्च 2015 के अन्तिम सप्ताह में ₹ 24,600 के जो चैक जारी किए गए उनमें से ₹ 6,400 के चैक अप्रैल 2015 के प्रथम सप्ताह में भुगतान हेतु प्रस्तुत किए गए

*(ii)* ₹ 18,700 एवं ₹ 21,200 के दो चैक 27 मार्च, 2015 को बैंक में जमा कराए गए लेकिन पहले चैक का भुगतान 31 मार्च, 2015 तक प्राप्त नहीं हुआ तथा दूसरा चैक अनादृत हो गया

*(iii)* बैंक ने ग्राहक द्वारा ₹ 7,400 की राशि सीधे खाते में जमा कराने पर उसे जमा में दर्शाया है

*(iv)* निर्देशानुसार बैंक ने ₹ 3,200 के बीमा प्रीमियम का भुगतान किया

*(v)* ई० सी० एस० पद्धति द्वारा प्राप्ति पर बैंक ने ₹ 6,200 लाभांश जमा किया

*(vi)* बैंक द्वारा ₹ 750 का बैंक शुल्क नाम किया गया

बैंक समाधान विवरण बनाइए जब रोकड़-बही द्वारा शेष ₹ 28,500 दर्शाया जाता है।

**19.** M/s. V. B. Pharmaceuticals Ltd. offered for subscription its 10000 equity shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 per share. The amount was payable as follows :

On Application—₹ 30 per share

On Allotment—₹ 60 per share (including premium)

On First and Final call—₹ 30 per share

Applications were received for 15000 shares. Allotment was made on pro rata basis to the applicants of 12000 shares. The remaining applications were rejected and money returned. Excess application money was adjusted on the account of Sum Due on Allotment.

All money on allotment and call was duly received except on 1200 shares held by Vivek, who did not pay the call money. His shares were forfeited.

Make Journal Entries to record the above transactions in the books of the company. 6

मे० वी० बी० फार्मास्यूटिकल्स लि० ने ₹ 100 प्रति के 10000 समता अंश ₹ 20 प्रति अंश प्रीमियम पर जनसाधारण को अभिदान हेतु प्रस्तावित किए। राशि का भुगतान इस प्रकार से किया जाना था :

आवेदन पर—₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर—₹ 60 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर—₹ 30 प्रति अंश

15000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 12000 अंशों के आवेदकों को अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर किया गया। शेष आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा उनकी राशि लौटा दी गई। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में किया गया।

आबंटन और याचना पर, 1200 अंशों को छोड़कर, सभी राशि प्राप्त हो गई। इन अंशों का धारक विवेक था जिसने याचना राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया।

उपरोक्त लेनदेनों की कम्पनी की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**20.** Make Journal Entries if 200, 14% debentures of ₹ 500 each have been issued as the following : 6

*(i)* Issued at ₹ 500, redeemable at ₹ 550

*(ii)* Issued at ₹ 450, redeemable at ₹ 500

*(iii)* Issued at ₹ 550, redeemable at ₹ 500

*(iv)* Issued at ₹ 450, redeemable at ₹ 520

₹ 500 प्रति के 200, 14% ऋणपत्रों के निम्न प्रकार से निर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* ₹ 500 पर निर्गमन, ₹ 550 पर शोधन

*(ii)* ₹ 450 पर निर्गमन, ₹ 500 पर शोधन

*(iii)* ₹ 550 पर निर्गमन, ₹ 500 पर शोधन

*(iv)* ₹ 450 पर निर्गमन, ₹ 520 पर शोधन

**21.** From the following Trial Balance of Chinmoy Sports Material Store as on 31st March, 2015, prepare Trading A/c and Profit & Loss A/c for the year ended on 31st March, 2015 and the Balance Sheet as on that date : 10

*Trial Balance*
*as on 31st March, 2015*

| *Particulars* | *Dr. Balance* ₹ | *Cr. Balance* ₹ |
|---|---|---|
| Stock (01.04.2014) | 16,500 | |
| Purchases | 80,000 | |
| Carriage Inward | 2,000 | |
| Wages | 6,400 | |
| Capital | | 1,00,000 |
| Drawings | 12,000 | |
| Salaries | 10,000 | |
| Bad Debts | 1,600 | |
| Carriage Outward | 4,500 | |
| Sales | | 1,28,000 |
| Courier Expenses | 1,600 | |
| Machinery | 45,000 | |
| Sundry Debtors | 45,000 | |
| Sundry Creditors | | 20,000 |
| Cash at Bank | 21,400 | |
| Insurance | 2,000 | |
| | 2,48,000 | 2,48,000 |

*Adjustments to be accounted for :*

(i) Closing Stock—₹ 24,800

(ii) Machinery to be depreciated—@ 10%

(iii) Salary Outstanding amounted to ₹ 1,500 and Prepaid Insurance was ₹ 500

(iv) Make a provision for Doubtful Debts on Debtors @ 5%

मे० चिन्मय स्पोर्ट्स मैटीरियल स्टोर के 31 मार्च, 2015 के नीचे दिए तलपट से 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार खाता एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा इसी तिथि को स्थिति-विवरण बनाइए :

*तलपट 31 मार्च, 2015 को*

| *विवरण* | *नाम शेष* ₹ | *जमा शेष* ₹ |
|---|---|---|
| स्टॉक (01.04.2014) | 16,500 | |
| क्रय | 80,000 | |
| आन्तरिक भाड़ा | 2,000 | |
| मजदूरी | 6,400 | |
| पूँजी | | 1,00,000 |
| आहरण | 12,000 | |
| वेतन | 10,000 | |
| अप्राप्य ऋण | 1,600 | |
| बाह्य भाड़ा | 4,500 | |
| विक्रय | | 1,28,000 |
| कूरीयर व्यय | 1,600 | |
| मशीनरी | 45,000 | |
| विभिन्न देनदार | 45,000 | |
| विभिन्न लेनदार | | 20,000 |
| बैंक में रोकड़ | 21,400 | |
| बीमा | 2,000 | |
| | 2,48,000 | 2,48,000 |

समायोजन जिनका लेखा किया जाना है :

(i) अन्तिम स्टॉक—₹ 24,800

(ii) मशीनरी पर 10% अवक्षयण लगाना है

(iii) अदत्त वेतन ₹ 1,500 तथा पूर्वदत्त बीमा ₹ 500 थे

(iv) लेनदारों पर 5% की दर से संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है

**OR / अथवा**

From the following Receipts & Payments A/c and the given additional information of the Clean Villages Green Villages Society (Regd.), prepare Income & Expenditure A/c for the year ending on 31st March, 2015 and the Balance Sheet as on that date :

*Receipts & Payments A/c*
*for the year ending on 31st March, 2015*

*Dr.* *Cr.*

| *Receipts* | *Amount* ₹ | *Payments* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|
| Balance b/d | 19,500 | Honorarium to Volunteers | 14,000 |
| Subscriptions | 12,500 | Refreshment Expenses | 2,000 |
| Government Grant | 20,000 | Publicity Material | 8,000 |
| Donations | 16,000 | Electricity Charges | 2,000 |
| Net Revenue from Cultural Events | 12,000 | Furniture | 8,000 |
| | | Prizes | 7,500 |
| | | Expenses on Workshop | 9,500 |
| | | Free Distribution of Brooms, Dustbins and Saplings | 15,000 |
| | | Balance c/d | 14,000 |
| | 80,000 | | 80,000 |

*Additional Information* :

*(i)* Subscriptions include ₹ 1,500 for 2013–14. Subscriptions outstanding for 2014–15 were ₹ 2,000

*(ii)* On 1st April, 2014 trollies were of ₹ 18,000 on which depreciation is to be charged @ 10% p.a.

क्लीन विलेजेस ग्रीन विलेजेस समिति (पंजी०) के नीचे दिए गए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए आय-व्यय खाता बनाइए तथा इसी तिथि को स्थिति-विवरण भी बनाइए :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए*

*Dr.* *Cr.*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* ₹ | *भुगतान* | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आ० ला० | 19,500 | वॉलन्टीयरों को मानदेय | 14,000 |
| चन्दा | 12,500 | आहार व्यय | 2,000 |
| सरकारी अनुदान | 20,000 | प्रचार सामग्री | 8,000 |
| दान राशि | 16,000 | बिजली व्यय | 2,000 |
| सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शुद्ध आगम | 12,000 | फर्नीचर | 8,000 |
| | | पारितोषिक | 7,500 |
| | | कार्यशाला पर व्यय | 9,500 |
| | | झाड़ू कूड़े दान एवं पौध का मुफ्त वितरण | 15,000 |
| | | शेष आ० ले० | 14,000 |
| | 80,000 | | 80,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

*(i)* चन्दे में 2013–14 के लिए सम्मिलित राशि ₹ 1,500 तथा 2014–15 के लिए अदत्त चन्दा ₹ 2,000 है

*(ii)* 1 अप्रैल, 2014 को ₹ 18,000 की ट्रालियाँ थीं; जिन पर 10% वार्षिक से अवक्षयण लगाना है

**22.** Pranaya and Gunakshi are partners in a firm sharing profit in the ratio of 3 : 2. They admitted Apoorva as a partner for $\frac{1}{5}$th share in profit. The Balance Sheet of Pranaya and Gunakshi as on 31st March, 2015 was as follows :

*Balance Sheet of Pranaya and Gunakshi*
*as on 31st March, 2015*

| *Liabilities* | | *Amount* ₹ | *Assets* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 15,000 | Machinery | 30,000 |
| General Reserve | | 5,500 | Furniture | 6,000 |
| Bank Loan | | 9,500 | Stock | 22,000 |
| Capitals : | | | Debtors | 24,000 |
| Pranaya | 40,000 | | Cash at Bank | 18,000 |
| Gunakshi | 30,000 | 70,000 | | |
| | | 1,00,000 | | 1,00,000 |

Apoorva was admitted to the firm on the above date on the following terms :

*(i)* Apoorva to bring ₹ 30,000 as her Capital and ₹ 15,000 for her share of Goodwill

*(ii)* Machinery to be depreciated by 10%

*(iii)* Stock to be valued at ₹ 26,000

*(iv)* Provision for Doubtful Debts to be made on Debtors @ 5%; Creditors of ₹ 1,000 were not likely to arise

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/cs and Balance Sheet of the new firm. 10

प्रणया और गुणाक्षी एक फर्म में साझेदार हैं तथा लाभ का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करती हैं। उन्होंने लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए अपूर्वा को साझेदार बनाया। 31 मार्च, 2015 को प्रणया और गुणाक्षी का स्थिति-विवरण निम्न था :

*प्रणया एवं गुणाक्षी का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2015 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 15,000 | मशीनरी | 30,000 |
| सामान्य संचय | | 5,500 | फर्नीचर | 6,000 |
| बैंक ऋण | | 9,500 | स्टॉक | 22,000 |
| पूँजी : | | | देनदार | 24,000 |
| प्रणया | 40,000 | | बैंक में रोकड़ | 18,000 |
| गुणाक्षी | 30,000 | 70,000 | | |
| | | 1,00,000 | | 1,00,000 |

उपरोक्त तिथि को अपूर्वा को निम्न शर्तों पर फर्म में प्रवेश दिया गया :

*(i)* अपूर्वा ₹ 30,000 अपनी पूँजी तथा ₹ 15,000 अपने भाग की ख्याति के लिए लाएगी

*(ii)* मशीनरी पर 10% अवक्षयण लगाना है

*(iii)* स्टॉक मूल्य ₹ 26,000 आँका गया

*(iv)* लेनदारों पर 5% का संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है; ₹ 1,000 के लेनदारों का भुगतान नहीं करना होगा

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए तथा नई फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

**OR / अथवा**

Khan and Kapoor were partners, sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2015 their Balance Sheet was as follows :

*Balance Sheet of Khan and Kapoor*
*as on 31st March, 2015*

| *Liabilities* | | *Amount* ₹ | *Assets* | *Amount* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Land and Building | 85,000 |
| Khan | 80,000 | | Machinery | 60,000 |
| Kapoor | 60,000 | 1,40,000 | Debtors | 45,000 |
| General Reserve | | 30,000 | Stock | 32,000 |
| Kapoor's Friend's Loan | | 40,000 | Bank | 36,000 |
| Creditors | | 60,000 | Profit & Loss A/c | 12,000 |
| | | 2,70,000 | | 2,70,000 |

The firm was dissolved on 1st April, 2015 and the Assets and Liabilities were settled as follows :

*(i)* Assets were realized as follows :

| | ₹ |
|---|---|
| Land and Building | 1,00,000 |
| Stock | 34,000 |
| Debtors | 42,000 |
| Machinery | 45,000 |

*(ii)* Kapoor agreed to discharge his friend's loan

*(iii)* Creditors were paid in cash

*(iv)* Expenses on realization amounted to ₹ 1,500

Prepare Realization A/c, Partners' Capital A/cs and Bank A/c.

खान और कपूर साझेदार हैं और लाभ का बँटवारा 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। 31 मार्च, 2015 को उनका स्थिति-विवरण इस प्रकार था :

*खान और कपूर का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2015 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | *राशि* ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | भूमि एवं भवन | 85,000 |
| खान | 80,000 | | मशीनरी | 60,000 |
| कपूर | 60,000 | 1,40,000 | देनदार | 45,000 |
| सामान्य संचय | | 30,000 | स्टॉक | 32,000 |
| कपूर के मित्र का ऋण | | 40,000 | बैंक | 36,000 |
| लेनदार | | 60,000 | लाभ-हानि खाता | 12,000 |
| | | 2,70,000 | | 2,70,000 |

1 अप्रैल, 2015 को फर्म का समापन कर दिया गया। सम्पत्तियों एवं देयताओं की व्यवस्था निम्न प्रकार से की गई :

*(i)* परिसम्पत्तियों से प्राप्त राशि निम्न थीं—

| | ₹ |
|---|---|
| भूमि एवं भवन | 1,00,000 |
| स्टॉक | 34,000 |
| देनदार | 42,000 |
| मशीनरी | 45,000 |

*(ii)* कपूर अपने मित्र के ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया

*(iii)* लेनदारों का नकद भुगतान कर दिया गया

*(iv)* वसूली व्यय ₹ 1,500 थे

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते एवं बैंक खाता बनाइए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

### ( Analysis of Financial Statements )

### ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

**23.** State the purpose of Activity Ratios. 1

क्रियाशील अनुपातों के उद्देश्य को बताइए।

**24.** State the meaning and purpose of Comparative Financial Statements. 2

तुलनात्मक वित्तीय विवरणों के अर्थ एवं उद्देश्य बताइए।

**25.** Work out the Working Capital Ratio from the following : 2

| | ₹ |
|---|---|
| Cash at Bank | 12,000 |
| Stock | 18,000 |
| Debtors | 24,000 |
| Bills Payable | 7,000 |
| Creditors | 17,000 |
| Cost of Sales | 1,50,000 |

निम्न से कार्यशील पूँजी अनुपात निकालिए :

| | ₹ |
|---|---|
| बैंक में रोकड़ | 12,000 |
| स्टॉक | 18,000 |
| देनदार | 24,000 |
| देय विपत्र | 7,000 |
| लेनदार | 17,000 |
| बेचे गए माल की लागत | 1,50,000 |

**26.** Calculate the Current Assets from the following information : 4

Current Ratio—3 : 2
Liquid Ratio—1 : 1
Closing Stock—₹ 10,000

निम्न सूचना से चालू सम्पत्तियों की गणना कीजिए :

चालू अनुपात—3 : 2
तरल अनुपात—1 : 1
अन्तिम स्टॉक—₹ 10,000

**27.** From the following Balance Sheets of M. B. Motors Ltd. as on 31st March, 2014 and 31st March, 2015, prepare a Cash Flow Statement : 6

*Balance Sheets of M. B. Motors Ltd.*
*as on 31st March, 2014 and 31st March, 2015*

| *Liabilities* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ | *Assets* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 5,00,000 | 6,00,000 | Net Fixed Assets | 7,00,000 | 8,50,000 |
| Secured Loan | 2,00,000 | 1,50,000 | Stock | 1,50,000 | 90,000 |
| General Reserve | 2,00,000 | 2,50,000 | Debtors | 1,00,000 | 1,50,000 |
| Profit & Loss A/c | 1,00,000 | 1,50,000 | Cash | 50,000 | 80,000 |
| Creditors | 40,000 | 50,000 | Preliminary Expenses | 40,000 | 30,000 |
| | 10,40,000 | 12,00,000 | | 10,40,000 | 12,00,000 |

*Additional Information* :

Depreciation of ₹ 80,000 was charged on Fixed Assets during the year

एम० बी० मोटर्स लि० के 31 मार्च, 2014 एवं 31 मार्च, 2015 के नीचे दिए गए स्थिति-विवरणों से रोकड़-प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

*एम० बी० मोटर्स लि० के स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2014 एवं 31 मार्च, 2015 को*

| *देयताएँ* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ | *सम्पत्तियाँ* | *31.03.2014* ₹ | *31.03.2015* ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 5,00,000 | 6,00,000 | शुद्ध स्थायी सम्पत्तियाँ | 7,00,000 | 8,50,000 |
| सुरक्षित ऋण | 2,00,000 | 1,50,000 | स्टॉक | 1,50,000 | 90,000 |
| सामान्य संचय | 2,00,000 | 2,50,000 | देनदार | 1,00,000 | 1,50,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,00,000 | 1,50,000 | रोकड़ | 50,000 | 80,000 |
| लेनदार | 40,000 | 50,000 | प्रारम्भिक व्यय | 40,000 | 30,000 |
| | 10,40,000 | 12,00,000 | | 10,40,000 | 12,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना* :

वर्ष के दौरान स्थायी सम्पत्तियों पर ₹ 80,000 का अवक्षयण लगाया गया

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Elementary Cost Accounting )

## ( प्रारम्भिक लागत लेखांकन )

**23.** What is meant by 'Direct Labour'? 1

'प्रत्यक्ष श्रम' का क्या अर्थ है?

**24.** State any *two* limitations of Cost Accounting. 2

लागत लेखांकन की किन्हीं **दो** सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

**25.** Differentiate between Financial Accounting and Cost Accounting on the basis of the following : 2

*(a)* Users of Information

*(b)* Time Period

वित्तीय लेखांकन और लागत लेखांकन में निम्न के आधार पर अन्तर कीजिए :

(क) सूचनाओं के उपयोगकर्ता

(ख) समय अवधि

**26.** Compute Works Cost from the data given below : 4

Opening Stock of Raw Material—₹ 14,000
Closing Stock of Raw Material—₹ 4,500
Purchase of Raw Material—₹ 2,40,000
Expenses on Purchase—₹ 18,000
Rent of special machine hire for production—₹ 32,000
Productive Wages—₹ 80,000
Factory Overheads—100% of Productive Wages

नीचे दिए गए आँकड़ों से कार्य लागत की गणना कीजिए :

कच्चे माल का आरम्भिक स्टॉक—₹ 14,000
कच्चे माल का अन्तिम स्टॉक—₹ 4,500
कच्चे माल का क्रय—₹ 2,40,000
क्रय पर व्यय—₹ 18,000
उत्पादन के लिए किराए पर ली गई विशिष्ट मशीन का किराया—₹ 32,000
उत्पादकता मजदूरी—₹ 80,000
कारखाना उपरिव्यय—उत्पादकता मजदूरी का 100%

**27.** A. B. Machine Tools Manufacturing Co. Ltd. maintains its Stores Ledger on FIFO (First in First out) method basis. The following is the summary of the Receipts and Issues of Raw Material during the month of December 2014 :

*Receipts* :

| | | |
|---|---|---|
| 2014 | | |
| December | 1 | Balance—400 units @ ₹ 15 per unit |
| " | 9 | Purchase Order No. 145—600 units @ ₹ 14 per unit |
| " | 20 | Purchase Order No. 180—800 units @ ₹ 16 per unit |

*Issues* :

| | | |
|---|---|---|
| December | 11 | Material Requisition No. 70—500 units |
| " | 24 | Material Requisition No. 82—700 units |
| " | 30 | Material Requisition No. 98—200 units |

Record these transactions in the Stores Ledger. 6

ए० बी० मशीन टूल्स मैन्यूफैक्चरिंग कं० लि० अपनी स्टोर खाता-बही पहले-प्रवेश पहले-निकासी (FIFO) पद्धति के आधार पर बनाती है। दिसम्बर 2014 की कच्चे सामान की प्राप्ति एवं निर्गमन का सारांश निम्न है :

*प्राप्तियाँ* :

| | | |
|---|---|---|
| 2014 | | |
| दिसम्बर | 1 | शेष—400 इकाइयाँ ₹ 15 प्रति इकाई की दर से |
| " | 9 | क्रय आदेश संख्या 145—600 इकाइयाँ ₹ 14 प्रति इकाई की दर से |
| " | 20 | क्रय आदेश संख्या 180—800 इकाइयाँ ₹ 16 प्रति इकाई की दर से |

*निर्गमन* :

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | 11 | सामग्री अधिग्रहण संख्या 70—500 इकाइयाँ |
| " | 24 | सामग्री अधिग्रहण संख्या 82—700 इकाइयाँ |
| " | 30 | सामग्री अधिग्रहण संख्या 98—200 इकाइयाँ |

इन लेनदेनों का स्टोर खाता-बही में अभिलेखन कीजिए।

★ ★ ★